तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

13 प्राथमिक शाला तुमगांव में साबुन बैंक की स्थापना



14 योजना से माताओं के जीवन में उम्मीद...



## खबर संक्षेप



### गाली देने से मना करने पर टंगिया से वार

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति के ऊपर आरोपी ने टंगिया से वार कर दिया। मामला ग्राम जम्हर का है। रिपोर्ट पर बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। पुलिस को मनोज निवासी जम्हर ने पुलिस को बताया कि 10 सितंबर की दोपहर करीबन 1.30 बजे घर में था, तभी चिल्लाने व गाली गलौज करने की आवाज आई, जिसे सुन कर वह घर के बाहर आया और देखा कि उसका पड़ोसी लक्ष्मीचरण निषाद अपने घर के सामने में शराब के नशे में जोर-जोर से चिल्लाते हुए गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया, लेकिन आरोपी ने हाथ में पकड़े टंगिया से वार कर दिया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बेटे ने पिता से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** वार्ड नं 10 बसना के एक व्यक्ति के साथ उसके बेटे ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को प्रार्थी अभिमन्यु बंजारा ने बताया कि 10 सितंबर की शाम करीब 7.05 बजे काम कर वापस अपने घर आया था, तभी उसका बेटा आकाश बंजारा घरेलू बात को लेकर गाली गलौच कर लोहे के पाइप से उसके सिर पर वार कर दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक की टक्कर से प्रतीक्षालय और शौचालय क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** ग्राम भोथलडीह में एनएच 53 स्थित यात्री प्रतीक्षालय और सामुदायिक शौचालय को एक ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में सरपंच की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी व ग्राम भोथलडीह के सरपंच समारू ने बताया कि 5 सितंबर की रात्रि 8 बजे ट्रक क्रमांक एचआर 55 एसी 7827 के चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ग्राम पंचायत भोथलडीह एनएच 53 में स्थित यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक शौचालय को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कचरा फेंकने की बात पर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम झिटकी में कचरा फेंकने के बात पर कुछ लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को झिटकी निवासी कुंतीबाई साहू ने बताया कि 10 सितंबर की सुबह करीबन 7 बजे वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा कौन यहां पर कचरा फेंक दिया है कहकर गाली गलौच कर रहा था, जब प्रार्थिया गाली गलौज सुनकर घर से बाहर निकली तब आरोपी ने वीरेंद्र कुमार साहू ने तुम ही लोग कचरे को फेंके हो कहकर गाली गलौच करते हुए हाथ व डंडे से मारपीट किया। सी समय आरोपी की पत्नी शांति बाई साहू व उसके लड़के देवा साहू, शैलेष साहू भी डंडा लेकर आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। जब उसकी लड़की युगेश्वरी साहू बीच बचाव करने आई तब आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट किया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बीपीएल कार्डों का डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन जारी, अपात्रों के कार्ड होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के 6100 लोगों का राशन कार्ड से नाम कट सकता है। मुफ्त में राशन लेने वाले में सस्पेक्टेड पाए गए बीपीएल राशन कार्डों का डोर टू डोर वेरीफिकेशन किया जा रहा है। सत्यापन के बाद राशन कार्डों से ऐसे सदस्यों का नाम काटा जाएगा। छ.ग. खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिलेभर में हजारों बीपीएल राशन कार्ड बने हैं, जिसमें से कई ऐसे लोग भी हैं, जो नियम के दायरे में नहीं आते है फिर भी उनका नाम राशन कार्ड में जुड़ गया है या फिर इन लोगों द्वारा नया राशन कार्ड ही बनवा लिया गया है। आधार कार्ड के आधार पर सभी का सत्यापन किया जा रहा है। जिसमें राशन कार्ड के आधार पर, इंटर डिस्ट्रिक्ट राशन कार्ड, ढाई एकड़ से अधिक भूमि वाले राशन कार्डधारक, 25 लाख की जीएसटी वाले उपभोक्ता, 6 लाख से अधिक आमदनी वाले परिवार को शामिल किया गया है, ये सभी संदेह के दायरे में है। जिले के 1 लाख 51 हजार 723 राशनकार्ड धारकों में से 13 हजार 735 का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है, जिसमें से 6100 राशन अपात्र पाए गए है। इनमें से 930 राशन कार्ड को निरस्त किया गया है। अभी भी 5160 राशनकार्ड का निरस्त किया जाना बाकी है। इन लोगों ने खुद को गरीब बताकर बीपीएल कार्ड बनवाए और वर्षों तक सरकारी राशन उठाते रहे।

## नियम विरूद्ध राशन कार्ड बनवाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

### ये होंगे अपात्र

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 5 एकड़ से अधिक जमीन के मालिक प्राथमिकता परिवार का राशन कार्ड की पात्रता की श्रेणी में बाहर होंगे, क्योंकि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पांच एकड़ से कम वाले का ही बीपीएल राशन कार्ड जारी होता है। लेकिन केंद्र सरकार की गाइड लाइन में यह भी कहा गया है कि ढाई एकड़ से अधिक भूमि वाले धारकों का राशन कार्ड रद्द हो सकता है।



### प्रशासन की सख्त चेतावनी

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि गरीबों के हक पर डाका डालने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। यदि किसी ने गलत जानकारी देकर कार्ड बनवाया है, तो उसे रद्द किया जाएगा और राशन की राशि भी वापस ली जाएगी।

## राहत : दो माह के लंबित वेतन के लिए प्लेसमेंट कर्मी भी उतर आए थे आंदोलन के समर्थन में

# दूसरे दिन भी डटे रहे पालिका कर्मचारी देर शाम जारी हुई राशि, हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन माह से निकाय के नियमित कर्मियों को वेतन नही मिलने के मामले में हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा। दिन भर कर्मचारी आंदोलनरत रहे और जिला प्रशासन को अपनी परेशानी से अवगत कराया। देर शाम शासन द्वारा तीन माह का लंबित वेतन एवं अन्य देयकों का भुगतान करने राशि स्वीकृत किए जाने पश्चात हड़ताल समाप्त हो गया।

बता दें कि नियमित कर्मचारियों का हड़ताल गुरुवार को दूसरे दिन भरी जारी रहा। नगर पालिका कार्यालय के सम्मुख शासन विरोधी नारा लगाकर आवाज बुलंद करते हुए अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। निकाय कर्मचारियों के आंदोलन को समाज प्रमुख, नागरिकों, विविध कर्मचारी संगठनों, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों का भी समर्थन प्राप्त रहा। कर्मचारी संगठनों में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष दीपक तिवारी, सचिव छत्तीसगढ़ प्रांतीय तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अनिल कुमार के साथ अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद्र राठी, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि हाफिज कुरैशी, पप्पू ठाकुर और अमृत चोपड़ा ने समर्थन दिया।



### पालिका कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा सूचना पत्र

पालिका कर्मचारियों ने गुरुवार को जिला कलेक्टर को भी एक सूचना पत्र सौंपा। जिसमें एक-दो दिनों में लंबित वेतन भुगतान नहीं होने की स्थिति पर सोमवार से मूलभूत सुविधा जैसे पानी सप्लाई, विद्युत और सफाई व्यवस्था बंद करने की बात कही थी। इस दौरान संघ के अध्यक्ष सुरेश तिवारी, सचिव दुर्गेश कुंजेकार, यशवंत देवांगन, सीताराम चेलक और नौशाद बख्श उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कर्मचारी भी उतर आए समर्थन में

अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने बताया कि नियमित कर्मचारियों के तीन माह का वेतन लंबित होने के साथ-साथ प्लेसमेंट कर्मचारियों का भी विगत दो माह का वेतन भुगतान लंबित है। जिसके कारण प्लेसमेंट कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल के समर्थन में उतर आए हैं।



### राशि स्वीकृति के बाद हड़ताल समाप्ति की हुई घोषणा

देर शाम 11 सितम्बर को शासन द्वारा तीन माह का लंबित वेतन एवं अन्य देयकों का भुगतान के लिए राशि स्वीकृत किए जाने पर कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। संघ के अध्यक्ष तिवारी ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन तक उनकी मांग को मजबूती से पहुंचाया। संघ ने घोषणा की कि सभी कर्मचारी 12 सितम्बर से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ नियमित कार्यों में जुट जाएंगे। ताकि, नगर की जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# मुंह में कपड़ा ठूंसकर गुप्तांग काटा फिर हत्या कर नहर में फेंक दी लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ नहर में तैरती मिली अज्ञात की लाश, जांच में जुटी पुलिस

शहर से लगे ग्राम बेमचा स्थित बेमचा-परसवानी सड़क के किनारे स्थित नहर पुलिया में गुरुवार को एक लाश तैरती पाई गई। लाश पूरी तरह निर्वस्त्र थी, और उसकी उम्र तकररीबन 35-40 वर्ष बताई जा रही है। सुबह कुछ राहगीरों ने देखा इसके बाद पुलिस को खबर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शव लगभग दो दिन पुराना है। मृतक के गले पर धारदार हथियार से कटे होने का घाव पाया गया है वहीं मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ मिला और गुप्तांग कटा हुआ पाया गया। प्रथम दृष्ट्या हत्या के इस मामले में पुलिस आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। ताकि, मृतक की पहचान और हत्या के पीछे के कारणों का पता लग सके।



## वृहद रोजगार मेले का आयोजन आज, करीब 3505 पदों के लिए होगी भर्ती प्रक्रिया

**महासमुंद।** जिला प्रशासन ने स्थानीय युवाओं को बेहतर करियर विकल्प उपलब्ध कराने शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन आज किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। मेले में करीब 3505 पदों के लिए चयन प्रक्रिया होगी। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग, बीमा एजेंट, बीमा सखी, बैंक एजेंट, ग्रामीण बैंक मित्र, बैंक रिलेशनशिप मैनेजर, इलेक्ट्रिकल फिटर और टेक्नीशियन जैसे पद शामिल हैं।

# प्राचार्य की निजी चारपहिया वाहन धोने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल मोहगांव के प्राचार्य के निजी चारपहिया वाहन को स्कूली बच्चों से धुलवाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया है। विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद ने बीईओ पिथौरा को जांच का आदेश दिये हैं। प्रभारी बीईओ लक्ष्मी डडसेना ने दो सदस्यीय टीम गठित करके जांच रिपोर्ट सौपेगी। टीम में सावित्रीपुर उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य प्रसाद सिदार एवं सावित्रिपुर संकुल समन्वयक पदमन लाल चौधरी शामिल हैं। ये दोनों अधिकारी प्रतिवेदन प्रस्तुत बीईओ को करेंगे।



बहरहाल, बीईओ एवं बीआरसीसी के पास संपूर्ण रिपोर्ट आने के उपरांत इस वीडियो वायरल मामले में पर्दाफाश होगा। इस मामले में प्रभारी बीईओ पिथौरा लक्ष्मी डडसेना ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद संपूर्ण दस्तावेज जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा एवं वीडियो सोशल मीडिया में आने के बाद तत्काल नरेश पटेल बीआरसीसी पिथौरा ने अंजय कश्यप संकुल समन्वयक को नोटिस जारी किया है।

### वायरल वीडियो में कार धोते हुए बच्चे

वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि छात्र स्कूल परिसर में ही प्राचार्य कक्ष के सामने वाहन की धुलाई कर रहे हैं।



**बालियां निकलने से किसान उत्साहित**

**नर्रा।** साधन सम्पन्न ट्यूवेल वाले किसान की अर्ली वैरायटी 1010 धान की बालियां निकल गई हैं। लहलहा रही धान की फसल राहगीरों को आकर्षित कर रहे हैं। क्षेत्र में गिने चुने दो-चार किसान ऐसे है, जो किसानी कार्य में हमेशा आगे 25 से 30 एकड़ चक की खेती आषाढ़ माह के पहले ही सप्ताह में रोपाई की शुरूआत करते है। जबकि, अन्य बुआई और रोपाई के लिए बीज डालते नजर आते हैं।

## आवक बढ़ने से टमाटर के दाम गिरे, उड़द दाल की भी बढ़ी डिमांड

# पितृपक्ष के चलते तोरई एवं बरबट्टी के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के मुख्य सब्जी मंडी में पितृपक्ष पखवाड़े की शुरूआत होते ही तोरई और बरबट्टी के दाम में इजाफा देखने को मिलने लगा है। पितृपक्ष के दौरान इनके महत्व के चलते दोनों सब्जियों के दाम दोगुने स्तर पर पहुंच गए हैं। वहीं उड़द दाल की भी डिमांड देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर आवक बढ़ते ही टमाटर के दाम नीचे आ गए हैं।

उल्लेखनीय है कि अश्विन माह के कृष्ण पक्ष में पितृपक्ष के दौरान 15 दिनों तक पितरों को तर्पण दिया जाता रहा है। पूर्वजों की तिथि अनुसार उनका स्मरण, पूजन और उनके नाम पर भोज की परंपरा है। मान्यताओं के मुताबिक पितरों को उड़द दाल के अलावा तोरई और बरबट्टी की सब्जी का भोग लगता है। इसका धार्मिक महत्व होने से इसकी मांग बढ़ जाती है, जिस कारण इसके दाम में तेजी आई है।



बाजार में डिमांड बढ़ी तो उड़द दाल 110 और तोरई 60 से 70 रुपए किलो के भाव से बिक रही है। 15 दिनों तक चलने वाले पितृपक्ष में तोरई और बरबट्टी सब्जी के साथ ही उड़द दाल की मांग बढ़ गई है।

### सप्ताहभर में दोगुने दाम

मिली जानकारी के अनुसार जहां एक सप्ताह पहले तक तोरई बाजार में 20 से 30 रुपए किलो बिक रही थी। वहीं अब इसके दाम दो गुना तक बढ़कर 60 से 70 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं बरबट्टी भी बाजार में 40 से 50 रुपए किलो बेची जा रही है। हालांकि टमाटर के दाम में गिरावट आई है। 60 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 20 से 30 रुपए में मिल रहा है। ऐसे ही गोभी 60 रुपए किलो, बैगन 50 रुपए किलो, आलू 25 रुपए एवं प्याज 25 रुपए में मिल रहा है।

### धार्मिक रूप से है महत्व

प्राचीनकाल से ग्रामीण इलाकों में अपने घर की बाड़ी में साग-सब्जी लगाने की परंपरा चली आ रही है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में पितृपक्ष के 15 दिनों में ग्रामीण इलाकों में बड़ा और पूड़ी के साथ ही तोरई की सब्जी बनाते हैं। जिसका प्रभाव आज शहरी क्षेत्र पर भी देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि तोरई की मांग बढ़ने के साथ ही इसके दाम भी बढ़े हैं।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली मामला दर्ज किया गया है। पहले पक्ष के प्रार्थी संतोष निवासी वार्ड नंबर 2 पारधीपारा ने बताया कि 9 सितंबर की रात करीब 8 बजे उसका लड़का अजय पारधी घर के बाहर निकला था, तभी राकेश ध्रुव, चिराग चंद्राकर व जितेश पारधी ने आकर पुरानी रंजिशवश अजय के साथ विवाद कर गाली गलौज, मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही आरोपी जितेश पारधी द्वारा किसी नुकीली वस्तु से अजय की छाती के निचले हिस्से व बांये जांघ में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के प्रकाश चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 9 सितंबर की रात करीब 9.30 बजे उसके लड़के दिव्यांशु चंद्राकर ने फोन कर बताया कि भाई चिराग चंद्राकर के साथ पारधी पारा बेलसोंडा के श्रीराम पारधी एवं संतोष पारधी, नागन पारधी, कमलेश पारधी सभी ने एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। प्रार्थी जब पारधी पारा बेलसोंडा गया तब पता चला कि चिराग चंद्राकर को जिला अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद वह जिला अस्पपताल महासमुंद पहुंचा, जहां चिराग चंद्राकर का इलाज चल रहा था, उसने पूछा तब चिराग ने बताया कि गणेश विसर्जन करते समय श्रीराम पारधी एवं संतोष पारधी, नागन पारधी, कमलेश पारधी के साथ विवाद हुआ था, उसी बात को लेकर सभी ने एक राय होकर मारपीट करते हुए जान से मारनेकी धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**

### शहर में परोसा जा रहा नशा : पंकज



**महासमुंद।** भाजपा नेता पंकज चंद्राकर ने कहा है कि शहर में नशा परोसा जा रहा है। सूखा नशा इतना भायनक रूप ले लिया है कि प्रशासन को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड और राशन कार्ड की जांच करना चाहिए। प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ कार्रवाई नही की गई की और इसे नही रोका गया तो यह शहर में भयानक रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि इस शहर की शान और सहजता प्रवृत्ति की लोग प्रशंसा करते है लेकिन नयापारा क्षेत्र के घने आबादी वाले हिस्से में जाना दुभर हो गया है। वहां क्या हो रहा है, कौन लोग बाहर से आकर रह रहे है, और क्या क्या किया जा रहा है इसकी जांच बहुत जरूरी है।

### शिक्षक, समाजसेवक और दस बाल वैज्ञानिकों को मिला सम्मान



**धमतरी।** प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अकादमिक भवन कुरूद में किया गया। इस समारोह में शिक्षा, विज्ञान, समाज सेवा और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सौ से अधिक शिक्षकों, समाजसेवकों और दस बाल वैज्ञानिक छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगरी विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के व्याख्याता डॉ आशीष नायक को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिये शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, मेडल एवं श्रीफल द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया।

### हमारा समाज अब प्रशिक्षित और संगठित हो रहा है : नेहरू

**धमतरी।** गंगरेल के एक होटल में प्रदेश स्तरीय ओबीसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग, उद्घाटनकर्ता बलदाऊ राम साहू सदस्य छग पिछड़ा वर्ग आयोग, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बालक दास साहू थे। अध्यक्षता इंजीनियर कीरत राम कुल्हारा ने की। राष्ट्रीय प्रचारक टिकेश्वर साहू ने कहा कि 10 सितंबर को ओबीसी दिवस चूल्हाई राम साहू की शहादत पर मनाया जाता है।

## संगोष्ठी : युवा सशक्तिकरण पर केंद्रित संवाद में विधायक ने दी नई दिशा

# 2047 का भारत होगा युवा-सशक्त और समावेशी : विधायक संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

स्व. जयदेव सतपथी महाविद्यालय में संगोष्ठी 2047 एवं जनभागीदारी प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संगोष्ठी का उद्देश्य भारत के अमृतकाल की दिशा में शिक्षा, रोजगार, नवाचार और सामाजिक समावेशिता जैसे विषयों पर गंभीर और रचनात्मक संवाद स्थापित करना था। विधायक डॉ. अग्रवाल ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि 2047 का भारत केवल तकनीकी रूप से उन्नत नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से समावेशी और युवा-सशक्त होगा। ऐसे विमर्शों से न केवल नीति-निर्माण को दिशा मिलती है, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी अपने भविष्य के प्रति जागरूकता और मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि बसना की धरती पर ऐसे विमर्शों का होना यह दर्शाता है कि हमारा क्षेत्र राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदार बन चुका है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में सवाल-जवाब, विचार-विमर्श और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज की। विधायक डॉ. अग्रवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ही भारत के भविष्य हैं। शिक्षा, नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में आपकी भागीदारी ही 2047 के भारत को सशक्त बनाएगी। विधायक डॉ अग्रवाल ने करियर मार्गदर्शन, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता और कौशल विकास को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने संगोष्ठी 2047 में शिक्षा, रोजगार, नवाचार और सामाजिक समावेशिता को केंद्र में रखते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल संसाधनों का विस्तार, स्वरोजगार व स्टार्टअप्स को बढ़ावा, इनोवेशन लैब की स्थापना और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करना 2047 के समावेशी व सशक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि यह संगोष्ठी न केवल क्षेत्रीय विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करती है, बल्कि 2047 के भारत की समावेशी, नवाचारी और युवा-सशक्त तस्वीर को भी सामने रखती है। आगे कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसा भारत है जहाँ हर वर्ग की भागीदारी हो, हर युवा को अवसर मिले, और हर विचार को मंच मिले। इस अवसर पर एसडीएम मनोज खांडे, प्राचार्य सुरेंद्र साव, रमेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मोहित पटेल,रामचंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र बाग, नरेंद्र बोरे, निर्मल दास, कामेश बंजारा, हरजिंदर सिँह, आकाश सिन्हा, संजय तायल, अमृत चौधरी, विजय पटेल, खेमराज अग्रवाल, त्रिलोचन भोई, वीरेंद्र बाघ, दुलारी बाई, गिरधारी डडसेना, महाविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**बसना में संगोष्ठी 2047 : शिक्षा, नवाचार और युवा सशक्तिकरण पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का दृष्टिकोण**

**2047 के भारत की रूपरेखा पर बसना में संवाद, विधायक डॉ. अग्रवाल ने युवाओं को दी नई दिशा**

## ग्रामीणों में पुनः एकता बहाल, ग्राम जर्रा नशामुक्ति की ओर अग्रसर



**बसना।** ग्राम पंचायत नरसिंगपुर आश्रित गांव जर्रा पीड़िता द्वारा लगाये गये सरपंच पर गंभीर आरोप के बाद पीड़िता द्वारा की गई शिकायत का बड़ा असर सामने आया है। समाचार प्रकाशन के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत नरसिंगपुर अंतर्गत ग्राम जर्रा की आदिवासी महिला सेमबाई सिदार ने सरपंच नवलीन मांझी पर गंभीर आरोप लगाए थे। पीड़िता का कहना है कि पंचायत बैठक में उसके खिलाफ गलत फैसला लेते हुए राशन-पानी बंद कर दिया गया और ग्रामवासियों को भी चेतावनी दी गयी है कि, यदि कोई उससे बातचीत करेगा तो उसे 10 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा। इस फरमान पश्चात पीड़िता को सामूहिक बहिष्कार का दुख झेलना पड़ा। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा ने नायब तहसीलदार, पिरदा को जांच के आदेश दिए थे, जिस पर नायब तहसीलदार ललित सिंह ने पत्रकारों की उपस्थिति में सरपंच एवं ग्रामवासियों की बैठक कर ग्रामवासियों को समझाइश देकर नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। समस्त ग्रामवासियों को संकल्पित कर ग्राम में सौहार्दपूर्ण वातावरण में समता एवं बंधुत्व कायम करने आपसी भाईचारा के साथ रहने अपील की। जिससे सभी ग्रामवासी एक हुए। उन्होंने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामवासियों को साफ शब्दों में समझाया कि किसी भी व्यक्ति व परिवार को समाज या ग्राम से सामूहिक अथवा सामाजिक बहिष्कार एवं दंडित करना अपराध है। कोई भी व्यक्ति महिला, पुरूष अवैध शराब बनाने व बेचने जैसे गैरकानूनी कार्य न करें। ऐसा पाये जाने पर आबकारी, पुलिस व उच्चाधिकारियों को सूचित करें, ताकि, उन पर कार्रवाई किया जा सके। इस दौरान नायब तहसीलदार ललित सिंह, पटवारी पुष्पेंद्र पटेल, नरसिंहपुर सरपंच नवलीन मांझी, जगदीशपुर सरपंच मंशा नायक, रजनी बाघ उपसरपंच जर्रा, सुधीर कुंवर, पूर्व सरपंच जयंती पटेल, शत्रुघन मुटकिया, दूपलाल मलिक, पुष्पधर प्रधान, अनिता कुमारी, लक्ष्मी मलिक, लाल साहू, बसंती गहिर, अमरबाई, सेमबाई सिदार, जयंती सोना आदि मौजूद रहे।

## जिले में 36 आयुष केंद्र, पाली क्लिनिक में स्वर्णप्राशन प्रति माह पुष्य नक्षत्र पर

- आयुष मेगा हेल्थ कैंप में वीडियो डॉक्यूमेंट्री से दी सुप्रजा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छग राज्य के रजत जयंती महोत्सव पर आयुष विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय आयुष मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस रजत महोत्सव में राष्ट्रीय कार्यक्रम सुप्रजा में होने वाली गतिविधियों की मॉडल प्रदर्शनी लगाकर प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त 5 मिनट के वीडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरिता पचौरी ने सुप्रजा पर जानकारी दी। आयुष विंग एवं नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सुप्रजा कार्यक्रम का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अन्य अतिथि महेंद्र खंडेलवाल, निलेश लुनिया पार्षद, कौशल्या देवांगन सभापति नगर निगम, श्रीमती विभा चंद्राकर एमआईसी सदस्य, श्रीमती चंद्रभागा साहू, श्रीमती आशा लोधी पार्षद, डॉ. प्रवीण चंद्राकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. गुरुदयाल साहू वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी थे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने विगत 25 वर्षों में आयुष विभाग द्वारा किए गए कार्यों एवं विभाग की उपलब्धियों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि जिला धमतरी में 36 आयुष केंद्र संचालित हैं, जिनमें नौ राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2022 से आयुष पाली क्लिनिक में स्वर्णप्राशन प्रति माह पुष्य नक्षत्र को कराया जा रहा है। विकासखंड स्तर पर पांच और संस्थानों में स्वर्ण प्राशन प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में विकासखंड कुरूद एवं मगरलोड में गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाकर जिले के कुपोषण की दर को कम करने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है।

सुप्रजा कार्यक्रम अंतर्गत राज्य में लगभग 9000 हितग्राही पंजीकृत हैं। लगभग 2600 हितग्राही जिला धमतरी से पंजीकृत हैं। महापौर रामू रोहरा ने कहा जिस प्रकार सुभद्रा के गर्भ में अभिमन्यु ने चक्रव्यूह भेद करना सीख लिया था ठीक उसी प्रकार जब गर्भवती माताएं अपनी गर्भावस्था में यदि मंत्रों का, रामायण और गीता जैसे महाकाव्य का श्रवण करती हैं, महापुरुषों के जीवन वृतांत का पठन एवं पाठन करती हैं, तो हमारी आने वाली संतान भी बुद्धिमान एवं चरित्रवान होगी। कार्यक्रम में 15 समाजसेवी महिलाओं कृतिका महावर, कामिनी कौशिक, माधवी शर्मा, जानकी गुप्ता और काजल साहू, मितानिन मीना, शीतला, संतरमा, फुलेश्वरी और भोज बाई को सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉक्टर रविंद्र वर्मा एवं डॉक्टर सेवन्त साहू ने किया। डॉ आशीष कुमार साहू ने बताया कि आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं योग द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें आयुर्वेद के 697, यूनानी के 189, होम्योपैथिक के 115 और योग के 50 हितग्राही पंजीकृत हुए। 1051 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भाजपा ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा 2025-26 कार्यक्रम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ शिविर, स्वच्छता अभियान, विकसित भारत, सांसद खेलकूद, प्रबुद्ध संवाद, पौधरोपण एवं अन्य विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मंडल प्रभारी दुबेलाल साहू, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्षगण नरेंद्र प्रकाश गिरी, प्रेम चंद्राकर, श्याम साकरकर, जनपद पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष हुलसी



जितेंद्र चंद्राकर, गोविंद ठाकुर उपाध्यक्ष, पूर्व महामंत्री नामदेव साहू, कार्यक्रम संयोजक परमानंद साहू, सहसंयोजक प्रेम साहू, श्रीकांत शर्मा, यशोदा साहू मंत्री, चुनेश्वरी साहू, चंपेश्वरी साहू, कोमल ध्रुव सरपंच, राकेश ध्रुव, छेड़कू जलछत्री सरपंच, रिखी राम साहू सरपंच, ग्रामीण मंडल महासमुंद से भारत साहू, हरेंद्र साहू, अखिलेश तिवारी, विनोद दास मानिकपुरी, योगेश हिरवानी, महेंद्र चंद्राकर, सेवन साहू, मेघराज ध्रुव, द्वारिका साहू, सोमू साहू, पन्ना साहू, प्रेमनाथ ध्रुव, घूरत राम, चंद्रशेखर चंद्राकर, देवीचरण ध्रुव, लोकनाथ, प्रेमलाल, गजेंद्र साहू, युवराज, नोहर साहू, केवल दीवान, भागी मेहरा, राजू मिर्धा, दिगेश दास, रोमांतक गिरी, विमल विश्वकर्मा, राजू साहू, रोशन साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री साजन यादव एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री डॉ माखन सिन्हा ने किया।

### निरई माता के दरबार में 22 को जलेंगे आस्था के ज्योत

**धमतरी।** मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत मोहेरा के आश्रित ग्राम निराई के पहाड़ में स्थित मां निरई माता के दरबार में क्वांर नवरात्र के अवसर पर इस वर्ष भी भक्तों का तांता लगेगा। इस वर्ष नवरात्रि 22 सितम्बर को प्रारंभ हो रही है। दोपहर 3 बजे घट स्थापना एवं ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। वहीं पंचमी पर 26 सितम्बर को माता का श्रृंगार किया जाएगा। 30 को महाअष्टमी हवन होगा। विसर्जन 1 अक्टूबर को होगा। जय मां निरई माता सेवा समिति के सदस्यों ने भक्तों से उपस्थिति की अपील की है। ज्ञात हो कि मां निरई माता निरई ग्राम के पहाड़ की गुफा में अदृश्य रूप में विराजित हैं। भक्तों का कहना है कि रात्रि में नीचे से पहाड़ के ऊपर ज्योति जलती हुई दिखाई देती है। रात्रि में पहाड़ी पर जाने की मनाही है। जंगली, जानवर पहाड़ पर विचरण करते हैं।

## सड़क हादसा या शिक्षा विभाग की गलत नीति से गई शिक्षिका की जान, लग रहे हैं आरोप

- व्याख्याता नंदिनी सिन्हा की मौत से शिक्षक संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद ब्लॉक के हायर सेकेंडरी स्कूल अंवरी में पदस्थ व्याख्याता नंदिनी सिन्हा का युक्तियुक्तकरण के तहत मगरलोड ब्लॉक अंतर्गत कुंडेल हायर सेकेंडरी स्कूल में तबादला कर दिया गया था। सरकारी फरमान के बाद भी अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित शिक्षिका की असमय मौत को लेकर अब कई आरोप व सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं शिक्षक संघ में इस घटना के बाद शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश है। गौरतलब है कि कुरुद विकासखंड में युक्तियुक्तकरण के तहत नियमों की अनदेखी और मनमानी के गंभीर आरोप जिला शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर लग रहे हैं। इस प्रक्रिया से प्रताड़ित शिक्षिका नंदिनी सिन्हा व्याख्याता (अंग्रेजी) रोज अपने गृह ग्राम से लगभग 60 किमी की दूरी तय कर स्कूटी से ड्यूटी जाती थी। वह काफी मानसिक तनाव में थी। उनका 6 सितंबर को कोडेबोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया। इस घटना ने न केवल शिक्षा विभाग, बल्कि पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है।



**युक्तियुक्तकरण में अनियमितता का आरोप**

शिक्षिका नंदिनी सिन्हा को हायर सेकेंडरी स्कूल अंवरी से 4 जून 2025 को हायर सेकेंडरी स्कूल कुंडेल, मगरलोड ब्लॉक में स्थानांतरित किया गया था, जबकि पास में रिक्त पद उपलब्ध थे। आरोप है कि स्थानांतरण में न तो दर्ज के अनुपात का ध्यान रखा गया और न ही विद्यालय की समय-सारिणी को प्राथमिकता दी गई। इसके बजाय बीईओ ने मौखिक निर्देशों का हवाला देकर मनमाने तरीके से स्थानांतरण किए। शिक्षिका स्व. सिन्हा ने इस गलत युक्तियुक्तकरण का पुरजोर विरोध किया। जिला शिक्षक साझा मंच के साथ मिलकर उन्होंने बीईओ की मनमानी के खिलाफ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद और डीईओ से कार्रवाई और बीईओ को हटाने की मांग की लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**शिक्षक समुदाय में आक्रोश, उच्चस्तरीय जांच की मांग**

इस घटना से कुरुद ब्लॉक के शिक्षक समुदाय, कर्मचारी फेडरेशन और सर्व शैक्षिक संघ में गहरा आक्रोश है। शिक्षक साझा मंच ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## सोरिद शराब दुकान में डिस्पोजल, पानी पाऊच के उपयोग पर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर निगम स्वच्छता व्यवस्था को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में निगम की स्वच्छता टीम ने सोरिद क्षेत्र स्थित शराब दुकान स्थित अहाता पर कार्रवाई की। जांच के दौरान टीम ने पाया कि दुकानों में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित डिस्पोजल पानी पाऊच का उपयोग किया जा रहा था। साथ ही दुकानों के आसपास गंदगी फैलाई गई थी, जिससे वहां आने-जाने वाले लोगों को असुविधा हो रही थी। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों ने मौके पर ही 4 दुकानों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1300 का जुर्माना वसूला। टीम ने संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग तत्काल बंद करें और अपने परिसर एवं आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दें। निगम ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा पाई गई तो और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त, उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वच्छता मिशन के तहत यह कार्रवाई की गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम ने नागरिकों और दुकानदारों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री का उपयोग न करें, गंदगी न फैलाएं और स्वच्छ धमतरी निर्माण में सहयोग करें। इस कार्रवाई से क्षेत्र में दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

**गब्बर सिंह टैक्स कहने वाला विपक्ष अब जीएसटी पर सुर मिलाने लगा है**

## जीएसटी के सरलीकरण से क्रांतिकारी सुधारों का सूत्रपात हुआ : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय में जीएसटी पर प्रेसवार्ता ली। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जीएसटी स्लेब के सरलीकरण से अभूतपूर्व सुधार आएगा। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आर्थिक महाशक्ति बन रहा है। जीएसटी में सुधार से आम आदमी के जीवन में खुशहाली आएगी। उद्योग, धंधे, व्यापार को गति मिलेगी। लोगों में बचत की भावना आएगी। व्यापारी आसानी से व्यापार कर सकेंगे। नवरात्रि में लागू होने वाले नए प्रावधानों से देश आर्थिक दृष्टिकोण से शक्तिशाली बनेगा। श्री चन्द्राकर ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक टैक्स की भावना के साथ प्रधानमंत्री ने सभी करों को एकाकरण किया है। श्रेष्ठ भावना जागृत हुई है। क्रांतिकारी सुधारों की शुरूआत हुई है। जीएसटी लागू होने के पूर्व देश में 17 प्रकार टैक्स, 13 प्रकार के शेष कर लागू थे। कर की बात करें तो आयकर की दर एक समय 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। अब 12 लाख सालाना आय पर टैक्स नहीं लेंगे। बाद में जीएसटी के दो स्लेब रखे जाएंगे। पहले 4 स्लेब थे जिसे घटाया गया है। अब उपयोगी वस्तु को शून्य करने, कुछ कर 10 प्रतिशत कम करने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। 20 दिन के अंदर ही जीएसटी काउंसिलिंग में सुधार की अनुमति मिल गई। श्री चन्द्राकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कलपुर्जे, कृषि उपकरण, स्वास्थ्य, शैक्षणिक वस्तु, इलेक्ट्रानिक, आटो मोबाइल, उत्पाद को किफायती किया गया जिसका विपक्ष द्वारा लगातार दुष्प्रचार किया जा रहा है। जीएसटी को पहले विपक्ष गब्बर सिंह टैक्स कहता था। अब समर्थन में आगे आ रहा है।

## नहर पार में नवजात शिशु को छोड़ने वाले अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

करेली बड़ी पुलिस नहर पार में नवजात शिशु को छोड़ने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर जांच में जुट गई है। दरअसल 10 सितम्बर बुधवार की सुबह ग्राम भेंडरी करेली बड़ी मुख्य मार्ग में पड़ने वाली नहर के पास प्लास्टिक धमेला में 10 से 15 दिन की स्वस्थ एक नवजात बच्ची मिली थी।

जिसे खेत में काम करने गए मजदूरों ने बच्ची को देखा तथा इनकी सूचना पुलिस को दी थी। नवजात शिशु मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही करेली बड़ी चौकी प्रभारी एएसआई राधेश्याम बंजारे दलबल के साथ पहुंचे थे। पुलिस ने नवजात बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्ची किसी अवैध संबंध का नतीजा हो सकती है। लोक लाज के डर से मां ने बच्ची को लावारिस हालत में छोड़ दिया होगा। गांव तथा क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

चौकी प्रभारी एएसआई राधेश्याम बंजारे ने बताया कि इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 93 बीएनएस अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रसूता महिलाओं की जानकारी जुटाई रही है। आसपास के अस्पतालों में जन्मे नवजात शिशुओं की भी जानकारी ली जा रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जाएगी।

## गुरु-शिष्य परंपरा समाज और संस्कृति की नींव है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महान शिक्षाविद, दार्शनिक, भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण करते हुए उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को श्रीफल, डायरी व कलम भेंटकर सम्मानित किया। छात्रों ने शिक्षकों के लिए शैक्षणिक जैकपॉट प्रश्न रखा जिसके माध्यम से शिक्षकों ने छात्रों का खूब मनोरंजन किया तथा अपने शिक्षकीय अनुभव को छात्रों के समक्ष रखा। छात्रों ने शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़, मटका फोड़, स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता रखी। प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि गुरु - शिष्य परंपरा समाज और संस्कृति की नींव है। ज्ञान और कुशल नागरिक तैयार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शिक्षा समाज की आत्मा है। वे विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों का संचार करते हैं। आभार प्रदर्शन शाला नायक कुणाल साहू ने किया। इस कार्यक्रम में एके यादव, जे एन सोनवानी, एसके जैन,एसके ध्रुव, एचआर साहू, सीपी साहू, वायके सेन, आर पोर्ते, एनआर साहू, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू, चित्ररेखा यादव, भोजराम साहू व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अग्रवाल नर्सिंग होम में ऑपरेशन शिविर कल

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 13 सितंबर 2025 को निःशुल्क लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में पेट से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया, अपेंडिक्स, ट्यूमर, ओवरियन सिस्ट आदि का पूरी तरह निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। कुछ ऑपरेशन जो आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नहीं आते हैं, उनका ऑपरेशन बहुत ही कम दरों पर (केवल 5000 रुपए) में किया जाएगा, जैसेः हाइड्रोसील, स्तन की गांठ पाइल्स, फिशर, नसबंदी ऑपरेशन, अन्य गाँठें, विशेष सूचना प्रथम 10 मरीजों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। उपरोक्त पैकेज में दवाइयां, रहना खाना सभी कुछ सम्मिलित है। सभी इच्छुक मरीज अपना पंजीयन 11 सितंबर को शाम 5 बजे तक करा सकते हैं।

## निधन

### मंगलूराम ढीमर



**महासमुंद।** स्थानीय पुराना रावण भाठा वार्ड नंबर 16 निवासी छग प्रदेश ढीमर समाज के संरक्षक मत्स्य सहकारी समिति महासमुंद के अध्यक्ष, गंधेश्वरनाथ सिरपुर मंदिर के ट्रस्टी मंगलूराम ढीमर (80) का 11 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे भागवत ढीमर, अधिवक्ता तरूण ढीमर (नोटरी बागबाहरा) के पिता व महेंद्र ढीमर, शेष नारायण, चंद्रभूषण, सेवन ढीमर के दादा थे।

### भरत लाल चंद्राकर



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी भरत लाल चंद्राकर (75) का गुरुवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर, हरिशंकर, गोलू चंद्राकर के पिता व देवदत्त चंद्राकर के ससुर थे।

# भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसान नहीं, उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाना : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व

- सिकासेर परियोजना में देरी सरकार की संवेदनहींनता का परिचायक

महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार किसान हित के परियोजनाओं पर ध्यान ना देकर केवल उद्योगपतियों मित्रों के हितों को सर्वोपरि रख रहा है। गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना अंतर्गत सिकासेर जलाशय से कोडार जलाशय तक पानी लाने की योजना पर अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। वहीं, इसके विपरित उद्योगों को लाभ पहुंचाने वाली परियोजनाओं पर समय से पूर्व तीव्र गति से कार्य हो रहा है। पिकाडिली शराब फैक्ट्री तथा करणी कृपा पावर प्लांट को महासमुंद जिले के जल स्त्रोतों से सरकार द्वारा पानी ले जाने की स्वीकृति इस बात का प्रमाण है।

चंद्राकर ने कहा कि गरियाबंद के सिकासेर बांध से महासमुंद जिले तक पानी लाने की योजना पर शासन की उदासीनता से अनावश्यक विलंब हो रहा है। इस परियोजना के तहत सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद भी अब तक भू-अर्जन प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। इसके अलावा वन विभाग से इसके लिए एनओसी प्रक्रिया भी अधर में लटका हुआ है। चंद्राकर ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने प्रस्तावित परियोजना की स्वीकृति तथा सर्व कार्य के लिए राशि का बजट में प्रावधान कराया था। कांग्रेस शासन के समय इस परियोजना को मिली स्वीकृति पर सर्वे कार्य हेतु बाद में बजट भी बढ़ाई गई। सर्वे भी पूरा कर लिया गया। लेकिन, किसान हित के इस परियोजना को अनावश्यक लटका कर रखा जा रहा है। इस परियोजना में अनावश्यक विलंब का एक कारण यह भी हो सकता है कि, इसे कांग्रेस शासन के समय स्वीकृति मिली थी। क्योंकि भाजपा सरकार का दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की नीति सर्वविदित है। कांग्रेसी शासनकाल में जितने भी जनहित की योजनाएं बनी थी, उन्हें भाजपा ने या तो पूरी तरह बंद कर दिया या भी योजनाओं का स्वरूप बदलकर उसे जनता से दूर कर दिया। चंद्राकर ने कहा कि वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत एकमात्र कोडार जलाशय से खरीफ सीजन में करीब 23 हजार 472 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। वहीं मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत केशवा जलाशय से 3 हजार 846 हेक्टेयर में सिंचाई होती है। रबी सीजन में बांध खाली होने पर किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पाती।



लिहाजा, किसानों की मांग पर चंद्राकर ने गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना अंतर्गत सिकासार जलाशय से नहरों के माध्यम से पानी महासमुंद जिले में लाने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022-23 के बजट में सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय तक नहर निर्माण के सर्वे के लिए राशि का बजट में प्रावधान किया। यदि इस योजना पर तीव्र गति से कार्रवाई होती है तो इसका लाभ महासमुंद जिले के किसानों को मिलेगा। यह परियोजना किसानों के लिए वरदान साबित होगी। लेकिन, भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसान हित नहीं उद्योगपति मित्रों के हित है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि किसानों के साथ सरकार को आम जनता से भी कोई सरोकार नहीं है। समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना को विफल करने की साजिश हो रही है। क्योंकि, पहले ही समोदा स्टॉप डेम से खरोरा के समीप अदानी के निजी पॉवर प्लांट को यहां से पानी दिया जा रहा है। ऊपर से पिकाडिली शराब फैक्ट्री को भी पानी देने की स्वीकृति देकर क्षेत्र के ग्रामों में पानी दिए जाने की योजना का सत्यानाश सरकार ने कर दिया है। समोदा बैराज का जलभराव क्षमता 29.91 एम.सी.एम है। रायपुर जिला के ग्राम खरोरा स्थित अडानी द्वारा संचालित एक संयंत्र को इसी बैराज के जलभराव कुल क्षमता के 19 एमसीएम पानी की आपूर्ति की जा रही है। शेष 10 एमसीएम पानी में से खरोरा नगर पंचायत को भी नल-जल योजना के तहत इसी बैराज से पानी दिया जा रहा है। शराब फैक्ट्री को पानी दिए जाने से हमारे महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के 48 ग्रामों तक पानी कैसे पहुंच पाएगा? इस विषय पर सरकार को चिंता नहीं है।

# तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस काउंसिलर्स प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह (आईएएस), इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद एवं सभापति संदीप दीवान के निर्देशन में सचिव एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी आई नागेश्वर राव के निर्देशनुसार जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ अशोक गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 8 से 10 सितंबर 2025 तक तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 27 महाविद्यालयीन रेडक्रॉस प्रभारी और इंडियन कॉलेज के 20 छात्राध्यापक (वालिंटियर्स) लाभान्वित हुए।

समापन कार्यक्रम 10 सितंबर 2025 आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सरोज चंद्राकर प्राचार्य इंडियन कॉलेज ने की। मुख्य अतिथि सभापति संदीप दीवान तथा विशेष अतिथि सचिव एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी आई नागेश्वर राव, प्रबंध समिति सदस्य मनीष शर्मा, जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, रेडक्रॉस अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. श्वेतलाना नागल, गजानंद बूड़ेक, मानक लाल बारले, डॉ रंजना दुबे, लता भोई, टिकेश्वरी, रमेश कुमार पटेल, पिरि सिंग ठाकुर, डॉ जगदीश कुमार सत्यम, नरेंद्र तांडी, तरुण बांधे, आशीष एक्का, नवीन कुमार साहू, डॉ राधेश्याम पटेल, खिलेश्वरी ध्रुव, देवेंद्र कुमार, टोपराम कुर्रे, आशीष कुमार साहू, समृद्धि साहू, महिमा साहू, समित कुमार बारीक़, लव कुमार पटेल, गोविंद राम भारती, संतोष कुमार एवं छात्राध्यापक (रेडक्रॉस वालिंटियर्स) लोकपाल साहू, चितरंजन साहू, अर्पित नेहरू, डिगेश्वर दीवान, विरितराम ध्रुव, विकास पटेल, सत्यनारायण दीवान, धात्रीश्री पटेल, दीपिका दीवान, अमीषा पटेल, प्रजा पटेल, उमा पैकरा, लीलश्वरी यादव, तरुणा दीवान, रोशनी चक्रधारी, राहुल सोनवर्षा, कुणाल मेश्राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तेजलाल देवांगन कार्यलय प्रभारी और द्वारिका प्रसाद सिन्हा कार्यलय सहायक का योगदान रहा।



अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान रेडक्रास से संबंधित विभिन्न टॉपिक, विषयों को लेकर प्रशिक्षणार्थियों को पारंगत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वयं करके सीखने पर ज्यादा जोर दिया गया और अभ्यास के अवसर देकर सीखने को और प्रभावी बनाया गया। सभापति संदीप ने कहा कि काउंसिलर्स ट्रेनिंग में सीखे हुए ज्ञान से लाभान्वित करें और मानवता की सेवा में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। साथ ही महाविद्यालयों में रेडक्रास दल का संचालन सक्रियता के साथ हो और उसकी रिपोर्टिंग भी नियमित हो। सचिव एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने 17 सितंबर को रक्तदान अभियान में शासकीय मेडिकल कॉलेज संबद्ध महाविद्यालय महासमुंद सम्मलित होने के लिए कहा और रक्तदान के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस अधिकारी मानक लाल बारले ने किया। डॉ रंजना दुबे ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के बारे में बताया कि प्राथमिक सहायता अंतर्गत इसके प्रमुख पहलुओं को अभ्यास के माध्यम से समझाया गया। जैसे सीन सर्वे, सेफ्टी (थ्री एस), एक्टिव/अलर्ट- वॉइस-पैन स्टीमुलेशन, अनकंशियस (एव्हीपीयू), एयर वे ओपन करना- ब्रेथिंग चेक करना, चेस्ट कंप्रेस करना (एबीसी), लुक-लिशन-फील (एलएलएफ), सीपीआर आदि। रेडक्रास के दक्ष/कुशल प्रशिक्षक दिनेश कुमार साहू द्वारा प्रशिक्षण में रेडक्रॉस का इतिहास बताया गया। उन्होंने कहा कि 4 बार शान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित इस संगठन में 186 देश जुड़े हुए हैं। इसका संचालन दो वर्ग में होता है जूनियर रेडक्रास और यूथ रेडक्रॉस। इसके सात बुनियादी सिद्धांत हैं, मानवता की सेवा, स्वास्थ्य और मित्रता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता, सार्वभौमिकता के संबंध में जानकारी दी गई। प्रथम दिवस जिला संगठक अशोक गिरी गोस्वामी ने रेडक्रास कमेटी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। रेडक्रास की गतिविधियों में वृद्धि के लिए काउंसिलर्स प्रशिक्षण को बेहद जरूरी बताया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की तल्लीनता, अनुशासन और सीखने की ललक और प्रशिक्षण व्यवस्था की उन्होंने खूब तारीफ किया। प्रशिक्षक किरण पटेल द्वारा प्रशिक्षार्थियों को ग्रुप बनाकर, प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर अभ्यास सहित प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक दिनेश कुमार साहू द्वारा प्राथमिक सहायता की जानकारी दी। विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थिति में आपदा-प्रबंधन को विस्तार से समझाया गया। जैसे पानी में डूबना, बाढ़ में बहकर दूर चला जाना, विष सेवन की स्थिति में प्राथमिक सहायता व बचाव के उपाय, सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक सहायता, बिच्छू के काटने पर क्या करें ? क्या न करें? मधुमक्खी के काटने पर बचाव के उपाय, कुत्ते के काटने से होने वाली बीमारी रेबीज आदि से बचने के उपाय बताया गया। नेत्रदान, देहदान, रक्तदान की जानकारी दी गई।



### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर महाविद्यालय में विविध आयोजन

**पिथौरा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट में प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्धीकी के मार्गदर्शन में 05 सितंबर से 12 सितंबर तक छग रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। 9 सितंबर महाविद्यालय में रजत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए महाविद्यालय के नोडल अधिकारी पीएस ठाकुर ने उद्बोधन दिया। जिसमें उन्होंने छग के 25 वर्ष के राफर को विस्तृत रूप से छात्रों को बताया। पश्चात विभिन्न कार्यक्रम जैसे रेली भाषण वाद-विवाद बचीज, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 10 सितंबर को रजत महोत्सव के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल एवं जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे रहे। प्राचार्य ने श्रीफल एवं गमछा भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को गति देते हुए प्राचार्य द्वारा छग रजत महोत्सव पर विस्तार पूर्वक उदबोधन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उषा धृतलहरे ने छग में सफल 25 वर्षों का विकास गांथा प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि ब्रह्मानंद पटेल द्वारा छग विजन 2047 पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। पुरुषोत्तम धृतलहरे द्वारा विकसित छग के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय की छात्रा सोनिया पटेल (बीए 3 वर्ष) एवं छात्र हंसराज खम्हारी (बीएससी 3 सेमे) द्वारा सेमिनार प्रस्तुत किया गया। अगली कड़ी में महाविद्यालय के नोडल अधिकारी पीएस ठाकुर द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता सज्जाद अहमद गनई द्वारा आभार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुंजन साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्याता एवं विद्यार्थियों का योगदान रहा।

# नेत्रदान को लेकर पोस्टर एवं नारा लेखन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड बागबाहरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित) के अंतर्गत नेत्रदान जागरुकता के लिए मानव नेत्र का पोस्टर बनाने एवं नेत्रदान संबंधित नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में नेत्रदान के लिए जागरूकता फैलाने के लिए निवेदन किया और बताया कि नेत्रदान महादान है। नेत्रदान से किसी जरूरतमंद को जीवनभर के लिए दृष्टि मिल जाती है। जागरुकता कार्यक्रम में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



प्रतियोगिता का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम योगेश्वरी साहू, द्वितीय आयुषी साहू बारहवीं, भारत भूषण दसवीं से तृतीय, संगीता पटेल रहे। नारा लेखन में प्रथम भारत भूषण, द्वितीय दीपेंद्र देवांगन रहे। सांत्वना पुरस्कार कुंदन लाल देवांगन, दया सागर साहू, केयूरभूषण धृतलहरे, ओमप्रकाश साहू, धनेश्वरी साहू, प्रमिला निषाद को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, रवि प्रकाश पात्रे, आशीष कुमार दीवान, बीएल टंडन, नीलू सोनी सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं शामिल

# स्वाध्याय केंद्र में हुई संगोष्ठी को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पर्यावरण, औद्योगिक विकास और क्षेत्र में आर्थिक उन्नति, बेरोजगारी दूर कैसे हो, इस विषय पर बुधवार को स्वाध्याय केंद्र सभागार में बैठक लेकर चर्चा की गई। महासमुंद क्षेत्र के विकास में औद्योगिक संभावनाएं इस विषय पर किसान, पर्यावरण विद, प्रभावित लोगों, राइस मिलर्स, उद्योगपतियों और विकास के जानकार लोगों को बुलाया जाएगा। एक संगोष्ठी का आयोजन स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा 21 सितंबर 2025 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे आयोजित है। जिसके संयोजक मोहन साहू और



सह संयोजक माखन पटेल होंगे। इस बैठक में पूर्व विधायक महासमुंद डॉ. विमल चोपड़ा, स्वाध्याय केंद्र समिति के सचिव चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, लक्ष्मीकांत तिवारी, उत्तरा प्रहरे, सुजीत, गोवर्धन प्रधान, श्रेयांश चोपड़ा, मुन्ना साहू, हनीश बग्गा, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, सुरेन्द्र यादव, डॉ आदित्य चोपड़ा, समीर करकसे, छेदी राठौर, रोशन बग्गा, गौरव राठी उपस्थित रहे।

### कमार बस्तियों तक बनाए जा रहे सड़कों की गुणवत्ता पर सृष्टि ने उठाए सवाल



**महासमुंद।** जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर ने कमार जनजातियों के निवास (कमार डेरा) तक बनाए जाने वाली पक्की सड़कों की गुणवत्ता व अपूर्णता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में जिपं क्षेत्र क्र. 02 के पूर्व सदस्य अमर चंद्राकर के निवेदन पर इन मार्गों की स्वीकृति मिली थी, जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया। निर्माण अधूरे होने से पक्की सड़क में सुगम आवागमन का लाभ कमार जनजातियों को नहीं मिल पा रहा है। सृष्टि ने कहा कि जिले के ग्राम खमतराई से कमारडेरा, कुहरी सिरपुर रोड से बासकुड़ा पट्टी नंबर 2 कमार बस्ती, ग्राम मरौद से कमारडेरा, अचानकपुर से कमार डेरा, ग्राम खड़सा से कमार डेरा, ग्राम अमलोर से कमार पारा, बंदोरा से खिरसाली कमारडेरा तक पक्की सड़क निर्माण सहित जोबा पीढ़ी मार्ग की स्वीकृति पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में मिली थी। उन्होंने कहा कि कमार जनजाति के लोग अब भी जंगल की कच्ची पगडंडियों और पथरीले रास्तों से आवागमन करने विवश हैं।

# विकासखंड महासमुंद में दिव्यांग बच्चों के लिए चिन्हांकन एवं प्रमाण पत्र नवीनीकरण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिव्यांग बच्चों के लिए चिन्हांकन एवं नवीन प्रमाण पत्र नवीनीकरण शिविर का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सामाजिक एवं शैक्षणिक मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना था।

शिविर में कुल 69 लोगों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 28 बच्चों को नवीन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुछ बच्चों को विशेष चिकित्सीय जांच के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि 10 बच्चों को यूनिक आईडी कार्ड भी बनाने के लिए प्रक्रिया अपनाई गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉ मानव सतपथी, डॉ अरविंद गुप्ता, डॉ ओमेश्वरी साहू, डॉ मंजूषा चंद्रसेन, यूके गोतमारे, क्लर्क संतोष कुमार एवं विष्णु राम ने बच्चों की समुचित जांच-पड़ताल कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई। शिविर का संचालन बीआरपी अनीता निर्मलकर एवं स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू ने सफलतापूर्वक किया।

इस अवसर पर एपीसी डीएन जांगड़े एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। उनका स्कूल में नामांकन व स्थायित्व सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना समाज की प्रगति का परिचायक है। हर दिव्यांग बच्चा शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन सकता है, बस हमें उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है। हर दिव्यांग बच्चा विशेष है, प्रत्येक बच्चे में असीमित संभावनाएं छिपी होती हैं। समाज और परिवार का यह दायित्व है कि हम उन्हें समान अवसर प्रदान करें, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। शिक्षा ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी। कार्यक्रम में सीएसी सुरेश पटेल, गणेश टंडन, रेणु चंद्राकर, पुक राम कुर्रे, केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# प्राथमिक शाला तुमगांव में साबुन बैंक की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जीवनशैली की आदत विकसित करने के उद्देश्य से साबुन बैंक की स्थापना की गई। इस पहल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने किया। इस कार्यक्रम को संस्था प्रमुख संगीता रात्रे ने दीप प्रज्ज्वलित कर साबुन बैंक का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों में स्वच्छता की आदत डालना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इस दिशा में शिक्षक साहू के प्रयास सराहनीय है।

साबुन बैंक के माध्यम से बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने की आदत डालने, संक्रमण से बचाव तथा स्वच्छता के महत्व को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस नेक कार्य में विद्यालय के शिक्षकों, पालकों, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए स्वेच्छा से साबुन का दान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि स्वच्छता को केवल विद्यालय तक सीमित न रखकर इसे समाज में भी जागरूकता के रूप में फैलाया जाएगा। जितेंद्र कुमार साहू ने कहा कि साबुन बैंक केवल एक संग्रहण स्थान नहीं, बल्कि बच्चों में स्वच्छ आदतों का संस्कार देने का माध्यम है। स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की नींव है और इस दिशा में सभी का सहयोग सराहनीय है। यह पहल बच्चों के बीच स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, शिक्षादान शिक्षक प्रभा कोसले, विमला बांधे, ममता विश्वकर्मा, कुसमा कुर्रे, रेवती पटेल, लुकेश्वरी धीवर, भागबती यादव आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत विविध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर चिरको कॉलेज में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं अध्यक्षता में पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पश्चात राज्य गीत का गायन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सदस्य सुनील पटेल, युवा छात्र नेता भैरव प्रसाद पाल, खेमराज भट्ट सरपंच ग्राम पंचायत चिरको, कुबेर यदु सदस्य खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद प्रमुख रुप से उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य श्रीमती दीवान ने छत्तीसगढ़ का विकास सांस्कृतिक संपन्नता एवं प्रमुख उपलब्धियां के विषय में विचार व्यक्त किए तथा उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि विकास अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष की अवस्था को युवावस्था कहा एवं 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा, छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत करने का आव्हान किया। खेमराज भट्ट ने नवगठित छत्तीसगढ़ से वर्तमान छत्तीसगढ़ का तुलनात्मक आंकड़े बताए। सुनील पटेल ने विकसित छत्तीसगढ़ में युवाओं की भूमिका के बारे में विचार प्रकट किए। भैरव प्रसाद पाल ने जिला स्तर राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले युवा उत्सव में महाविद्यालय से हिस्सा लेने वाले युवाओं का सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर किए। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने छत्तीसगढ़ का 25 वर्ष का सफर एवं उपलब्धियों के बारे में अपने विचार रखें। भाषण प्रतियोगिता में नूतन निषाद, प्रांजल साहू, वंश चंद्राकर, सुनिधि सिन्हा, जोशिफा परवीन, मीनाक्षी साहू, रश्मि विश्वकर्मा तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चमन पटेल, करण कंसारी, श्रवण कुमार, खुमन लाल, नंदनी ध्रुव व नीतू पटेल ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा में करण कंसारी प्रथम श्रवण कुमार द्वितीय व चमन पटेल तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में जोशिफा परवीन प्रथम, मीनाक्षी साहू द्वितीय व प्रांजल साहू तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक लता भोई ने किया।



## खबर संक्षेप

### आम आदमी पार्टी की जोन स्तरीय बैठक कल

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी की जोन स्तरीय बैठक 13 सितंबर को सुबह 11 बजे राजधानी के शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में किया गया है। जिसमें प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संदीप पाठक एवं सह प्रभारी व विधायक मुकेश अहलावत, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू सहित प्रदेश, लोकसभा, जिला एवं समस्त विंग के वरिष्ठ एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने दी।

### चिरको में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**पटेवा।** समीपस्थ ग्राम चिरको में जय बैगा बूढ़ादेव समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 12 सितंबर से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का समापन 13 सितंबर को होगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महासमुंद के नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, विशेष अतिथि गोविंद चंद्राकर, सौरभ लोधी, डॉक्टर मोचन पटेल, रोशन पटेल, लोकनाथ साहू सरपंच, खेमराज भट्ट उपसरपंच, अमर चंद्राकर, दुष्यंत ध्रुव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य रोशन पटेल करेंगे। उक्त जानकारी मिलन सेन ने दी है।

### छिबर्रा में बेटा जौतिया महापर्व व चिल्हरीडार पूजा 15 को

**महासमुंद।** ग्राम छिबर्रा में 15 सितंबर को बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हरीडार पूजा का आयोजन किया गया है। आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को इस महापर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिसमें आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद के जिलाध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव, संरक्षक पंकज सोरी, उपाध्यक्ष सावित्री नेताम, मीडिया प्रभारी शशिकांत छैदेहा, वतन, दुर्गा, धारणी, अंजु, संदीप, निक्की, छोटू, आशीष समेत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर धर्म, संस्कृति, रीति और नीति को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है। साथ ही आने वाली पीढ़ी में जागरूकता लाना भी है।

### 25 कर्मचारियों की बहाली की मांग

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। 25 कर्मचारियों को बर्खास्तगी के बाद 16000 एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जिससे प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुई हैं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा अपने घोषणा पत्र में किए वादों से मुकर रही है। झाबक ने कहा है कि आम आदमी पार्टी एनएचएम कर्मचारियों के साथ है और सरकार से मांग करती है कि बर्खास्त 25 एनएचएम कर्मचारियों की बहाली की जाए और कार्य नहीं वेतन नहीं सिद्धांत की बजाय सभी हड़ताली कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का भी पूरा वेतन दिया जाए। सरकार जल्द ही कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं करती है तो आप पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री के बंगले का घेराव करेगी।

# रजत जयंती महोत्सव पर कॉलेज में हुआ एल्युमनी मीट का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छग राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। 8 सितंबर से 12 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम विधायक एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

संयोजक डॉ मालती तिवारी एवं सह संयोजक अजय कुमार राजा के नेतृत्व में 11 सितम्बर को एल्युमनी मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अमृत चोपड़ा अध्यक्ष एल्युमनी एशोसिएशन महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि पवन पटेल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष, रमेश साहू अध्यक्ष शासडीएमएस शाला विकास समिति, राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष एल्युमनी, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष एल्युमनी, मनीष शर्मा सहसचिव एल्युमनी, डॉ मालती तिवारी संयोजक छग रजत महोत्सव मंचस्थ रहे। मंचस्थ अतिथियों का पुष्प गुच्छ, प्रतीक





चिन्ह भेंटकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य करुणा दुबे द्वारा सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि महाविद्यालय ने विकास यात्रा किया है, विकास यात्रा के सोपानों का पार किया है। निश्चित ही महाविद्यालय ने प्रबुद्धजनों को शिक्षा प्रदान किया, जो कि आज सभी को मिलने का अवसर प्रदान किया। हमारी यात्रा कहां थी और अब कहां है, इस पर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ कल, आज और कल विषय पर पूर्व एल्युमनी अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, एल्युमनी सदस्य तरूण ध्रुव, प्रभा पंडा, धनुर्जय साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। मनोज शर्मा सेवानिवृत सहायक ग्रेड 2 द्वारा 50000 रुपए की राशि प्रतिभा प्रोत्साहन कोष में दान किया गया। संयोजक डॉ मालती तिवारी द्वारा 25000 रुपए की राशि प्रतिभा प्रोत्साहन कोष में दान किया गया। पंकज सोनी एल्युमनी सदस्य द्वारा निर्धन छात्र कोष में प्रत्येक वर्ष 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। मनीष शर्मा एल्युमनी सह सचिव द्वारा सहयोग राशि प्रदान किया गया। मनीष श्रीवास्तव द्वारा 12000 रुपए को सहयोग राशि प्रदान किया। साहित्यिक प्रस्तुति एल्युमनी सदस्य गुलाब ठाकुर, संजय एक्का, पंकज सोनी, केशव शर्मा, रविंदर गुरुदत्ता, छात्रा ऋचा चंद्राकर, रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज देवांगन, दिनेश साहू, मयंक साहू, नुसरत खान द्वारा साहित्यिक प्रस्तुति दिया गया। विशिष्ट अतिथि देवीचंद राठी ने कहा कि छग राज्य निर्माण के बाद इस प्रदेश ने हर क्षेत्र में प्रगति की शिखर को हासिल किया है। जिसमें हम सभी की मेहनत है। विकसित छग 2047 की कल्पना की बात कहें तो उसमें कृषि के क्षेत्र के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देना होगा, जिससे यह विकसित छग एवं विकसित भारत अभियान सफल रहे। मुख्य अतिथि अमृत चोपड़ा ने बताया कि इस महाविद्यालय से निरंतर विश्वविद्यालय मेरिट में अपना स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं, जो कि आज भी यह परंपरा प्रगति पर है और आगे यह परंपरा चलती रहेगी। कार्यक्रम में एल्युमनी के सदस्य डॉ ए करीम, पारस चोपड़ा, प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय, विष्णु चंद्राकर, महेंद्र जैन, आशुतोष शर्मा, विजय चौहान, रत्नेश सोनी, मनीष चंद्राकर, गुप्तेश नामदेव, भरत साहू, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती सेठ, मनबोध चौहान, आशुतोष पुरी गोस्वामी, मनीषा प्रधान, परवीन नजीब, टीकम साहू, प्रकाशमणि साहू, दिव्यांश पांडे और महेश मक्कड़, महाविद्यालय के प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक, शोध छात्र-छात्राएं, अधिकारी एवं कर्मचारी सहित महाविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान में अध्ययनरत पीजी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी का धन्यवाद ज्ञापन डॉ मालती तिवारी संयोजक एवं संचालन अजय कुमार राजा सहसंयोजक रजत महोत्सव कार्यक्रम ने किया।

## सफलता की कहानी : मातृत्व को संबल देती प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

# योजना से माताओं के जीवन में उम्मीद पोषण और सुरक्षा का भरा उजियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मां बनना हर स्त्री के जीवन का सबसे बड़ा सुख है। परंतु, इस सुख के साथ कई जिम्मेदारियां और चुनौतियां भी आती हैं। गर्भावस्था के दौरान शारीरिक कमजोरी, कामकाज का बोझ और आर्थिक अभाव अक्सर माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। इन्हीं कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत की जो गर्भवती माताओं के लिए संबल और वरदान बनकर सामने आई।

जिले की हजारों माताओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। महासमुंद निवासी अंशुनी साय, रेखा देवांगन, राजकुमारी निषाद और तबस्सुम खातून जैसी हितग्राही महिलाओं का कहना है कि इस योजना से उन्हें न सिर्फ आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि अपने और अपने बच्चे के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की



हिम्मत और अवसर भी मिला। योजना से प्राप्त राशि से उन्होंने पौष्टिक आहार लिया और आज मां और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। यही अनुभव वे अब अन्य गर्भवती माताओं के साथ भी साझा कर उन्हें इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग टिकवेंद्र जटवार ने बताया कि इस योजना का मूल उद्देश्य यही है कि गर्भवती माताओं को पर्याप्त विश्राम और अच्छा पोषण मिले ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहें और आने वाली पीढ़ी मजबूत हो।

वर्ष 2017 से शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पिछले तीन वर्षों में ही महासमुंद जिले की 19,036 गर्भवती माताओं को 6 करोड़ 32 लाख 84 हजार रुपए का लाभ दिया गया है। पंजीयन के बाद गर्भावस्था के सातवें माह में 3,000 रुपये और प्रसव के साढ़े तीन माह बाद बच्चे को टीका लगने के पश्चात 2,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। यही नहीं, दूसरी डिलीवरी में यदि बालिका जन्म लेती है तो माताओं को 6,000 रुपए की विशेष प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है, एक पहल जो बेटियों के जन्म को सम्मान और सुरक्षा देती है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मातृत्व का सम्मान है। यह एक ऐसा स्पर्श है, जो गर्भवती माताओं के चेहरे पर संतोष की मुस्कान और शिशुओं के भविष्य में स्वास्थ्य की नींव रखता है। योजना ने वास्तव में माताओं के जीवन में उम्मीद, पोषण और सुरक्षा का उजियारा भरा है।

## डॉ हेमंत ने किया स्वलिखित पुस्तकों का दान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध पंडित सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार में एक विशेष अवसर पर डॉ. हेमंत खटकर सहायक अध्यापक, अध्यापक शिक्षण संस्थान पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने ग्रंथागार में विद्यार्थियों, शोधार्थियों की शैक्षिक उन्नति एवं ज्ञानवर्धन करने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकों का दान किया। ग्रंथालय प्रभारी डॉ. पूर्णिया एवं ग्रंथालय प्रबंधन ने इस योगदान का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. हेमंत खटकर का यह प्रयास विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए एक अमूल्य धरोहर साबित होगा। पुस्तक न केवल अध्ययनशील वातावरण को और समृद्ध करेगी, बल्कि नई पीढ़ी को साहित्य एवं ज्ञान की ओर प्रेरित भी करेगी। डॉ हेमंत का उद्देश्य है कि समाज में पढ़ने की आदत को बढ़ावा मिले और अधिक से अधिक लोग ज्ञान का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि आगे भी अपनी स्व लिखित पुस्तकों का दान छत्तीसगढ़ के विभिन्न ग्रंथालयों में करना चाहते हैं। इस पुस्तकों के दान को एक प्रेरणादायी मदद मानते हुए ग्रंथालय परिवार ने डॉ हेमंत खटकर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेशनल लोक अदालत कल, जिले में 17 खंडपीठों के माध्यम से किया जाएगा प्रकरणों का निराकरण

**महासमुंद।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय के समस्त न्यायालय सहित तालुका न्यायालय बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के लिए 17 खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा पृथक से राजस्व प्रकरणों के लिए खंडपीठ गठन कर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों धारा. 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री. लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खंडपीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं। पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक संख्या में पहुंचकर सुलह समझौते के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण कराएं।



### युवा उद्यमी मिलिंद मुख्यमंत्री सम्मान से नवाजे गए

#### कुसुम योजना के तहत किया छग का पहला सोलर पावर प्लांट स्थापित

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत जिले के उद्यमी मिलिंद चंद्राकर ने अपनी जमीन पर छत्तीसगढ़ का पहला 1 मेगावॉट सोलर पावर प्लांट स्थापित किया है। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिलिंद ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुसुम योजना ने उन्हें ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में नई राह दिखाई। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस उपलब्धि को राज्य स्तर पर सम्मानित कर उन्हें गौरवान्वित किया गया है।

### हाईस्कूल खोकसा में सुलेख एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आज

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाईस्कूल खोकसा में पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन के तत्वावधान में छात्रहित सर्वोपरि कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव पर विखं स्तरीय प्रश्न मंच एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन 12 सितंबर को जिला शिक्षाधिकारी विजय कुमार लहरे, बसना विखं शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, विखं स्त्रोत समन्वयक बद्री विशाल जोल्हे एवं सहायक विखं शिक्षाधिकारी लोकेश्वर कंवर की विशेष उपस्थिति में रखा गया है। इस प्रतियोगिता में बसना विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल खोकसा, लंबर, बड़ेटेमरी, हायर सेकेंडरी स्कूल जमदरहा, चनाट, बिछियां, दुलारपाली, गिधली, दुर्गापाली, बड़े साजापाली, गढ़फुलझर, अंकोरी, सेजेस बसना, सेजेस भंवरपुर, सेजेस भूकेल, कन्या शाला भंवरपुर के चयनित छात्र भाग लेंगे। 10:30 से 11:30 तक सुलेख प्रतियोगिता 12:45 से 3:30 तक प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रश्न मंच प्रतियोगिता केबीसी की तर्ज पर स्क्रीन के माध्यम से आयोजित होगी।

## नपाध्यक्ष ने किया श्रीराम पाठशाला का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शासकीय श्रीराम पाठशाला स्कूल का निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों से चर्चा कर शिक्षा गुणवत्ता के सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान प्रधान पाठक और शिक्षकों द्वारा नपाध्यक्ष साहू का सम्मान किया गया। नपाध्यक्ष ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, मेनू के अनुसार संचालन, बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा शाला त्यागी बच्चों को स्कूल आने प्रेरित करने के लिए विशेष प्रयास पर जोर दिया। नपाध्यक्ष ने कहा कि सभी शिक्षकों का यह प्रयास होना चाहिए कि बच्चों को स्कूल में बेहतर वातावरण मिले। शैक्षणिक के साथ साथ खेल खेल में पढ़ाई जैसे आयोजन कर हम बच्चों को स्कूल आने प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की बात कही। इस अवसर पर वार्ड पार्षद भारती राजू चंद्राकर, प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, लक्ष्मी मानिकपुरी, लीनू चंद्राकर, हेमंत चक्रधारी सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# आरक्षकों को निलंबित क्यों किया गया, मुख्य सरगना पटेवा थाने का थानेदार है, उस पर कार्रवाई क्यों नहीं?: चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक महासमुंद डॉ. विमल

- पूर्व विधायक डा विमल चोपड़ा ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

चोपड़ा ने बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से भेंट की। पुलिस अधीक्षक से भेंटकर डॉ. चोपड़ा ने उनको अवगत कराया कि कैसे जिला महासमुंद के अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस आरक्षकों द्वारा घूस लेकर तस्करों को छोड़ दिया जा रहा है। शराब, गांजा, ड्रग्स जैसे कई मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को फलने फूलने दिया जा रहा है। जिससे अवैध नशा तस्करों का हौसला और भी बुलंद हो रहा है। जिसका ताजा मामला पटेवा थाने में देखा जा सकता है कि किस प्रकार चार आरक्षकों को घुस लेने के आरोप में निलंबित किया गया।

डॉ. चोपड़ा ने कहा कि सिर्फ आरक्षकों को निलंबित क्यों किया गया, जबकि उन सभी का मुख्य सरगना पटेवा थाने का थानेदार है, उस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? थानेदार के ऊपर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। आरक्षकों को निलंबित करने और विभागीय जांच कराने से कोई भी परिणाम नहीं आएंगे, विभागीय जांच एक औपचारिकता मात्र है। ऐसे सैकड़ों विभागीय जांच कार्यालयों में पड़े-पड़े धूल खा रहे हैं, जिस पर आज भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई और न तो शायद ही कभी की जाएगी। जिसे मात्र कार्यालयीन रूप से दिखाया जाएगा, जिसमें न तो कोई कार्रवाई होगी और न तो किसी की गिरफ्तारी। डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि जिस प्रकार एक साधारण कर्मचारी के ऊपर घूस लेने पर कार्रवाई होती है। उसके ऊपर एफआईआर कर गिरफ्तार किया जाता है, ठीक उसी तरह पुलिस प्रशासन में पदस्थ घूसखोर अधिकारियों और आरक्षकों के



खिलाफ भी मात्र विभागीय जांच न किया जाए, वरन उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। निलंबन की प्रक्रिया मात्र कुछ दिनों में समाप्त हो जाती है। उसके बाद ये घूसखोर कर्मचारी फिर से अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर घूसखोरी के कार्य को अंजाम देते हैं।

कलेक्टोरेट या एसडीएम कार्यालय या अन्य विभाग में घूस लेते हुए पकड़े जाने पर उस अधिकारी कर्मचारी के ऊपर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाती है, उसी प्रकार पुलिस विभाग में भी कोई भी अधिकारी हो या आरक्षक अगर घूस लेते हुए पकड़े जाते हैं तो उन सभी लोगों के ऊपर आवश्यक रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए।

साथ ही झलप और पटेवा क्षेत्र के ग्रामीण काफी दिनों से क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री और नशाखोरी की शिकायत कर रहे हैं। जिसके कारण क्षेत्र में असामाजिक घटना बढ़ता जा रहा है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पटेवा थाने में भी की परंतु ना तो पटेवा थाने द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई की गई और ना ही जिला पुलिस प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई की गई।

जिसको लेकर डॉक्टर चोपड़ा ने पुलिस अधीक्षक से पटेवा और झलप में हो रहे अवैध नशे के कारोबार को बंद करने और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए चर्चा की। डॉ. चोपड़ा ने छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्री विजय शर्मा से भी फोन पर बात करते हुए इन सभी मामलों के बारे में अवगत कराते हुए कार्रवाई का अनुरोध किया।

